
सुविचार



व्यक्ति अपने विचारों के सिवाय कुछ नहीं है.
वह जो सोचता है, वह बन जाता है।
– महात्मा गांधी


# अमृत विचार

लखनऊ महानगर

www.amritvichar.com

लखनऊ, सोमवार, 9 फरवरी 2026


## लखनऊ के प्रमुख समाचार


- 12 दिन विधानभवन के आसपास से नहीं जा सकेंगे वाहन II
- आदाब अर्ज ने खूब हंसाया III
- अर्जुन अवार्डी अभिन्न और अखिलेश ने जीते दो खिताब IV


### शहर में आज



- छावनी स्थित एएमसी स्टेडियम में बाराबंकी, गोंडा, हमीरपुर, कानपुर नगर, महोबा एवं फतेहपुर जिले के अभ्यर्थियों की अग्नीवीर तकनीकी श्रेणी की भर्ती रैली– 7:00 बजे से।
- ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती विश्वविद्यालय में तकनीक कार्यशाला– 11:00 बजे से।

पाठक/आयोजक अपने कार्यक्रम की सूचना हमें lko.editor@amritvichar.com और वाट्सएप नंबर 9455224760 पर भी भेज सकते हैं।

# पुलिस की ढील से प्रतिबंधित मांझे में उलझे चार और लोग

## व्यापारी नेता, डिलीवरी ब्याय, छात्र की नाक कटी और व्यापारी की दोनों भौंहों के बीच लगा कट, सभी को ले जाना पड़ा अस्पताल, टांके भी लगे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री के आदेश के बाद भी प्रतिबंधित मांझा बेचने और उसका इस्तेमाल करने वालों पर पुलिस की ढील के चलते पिछले 24 घंटों में मांझे में उलझ कर व्यापारी नेता समेत पांच लोग घायल हो गए। कुड़ियाघाट ग्रीन कॉरिडोर पर बाइक से जाते समय व्यापारी नेता और ठाकुरगंज के बंधा रोड पर पोर्टर कर्मी की नाक कट गई। नाका फ्लाईओवर पर एक व्यक्ति की भौं और हीवेट रोड बंगाली क्लब के पास छात्र का माथे व नाक पर कट लगा गया। घायलों का अस्पतालों में प्राथमिक उपचार कराया गया।

ठाकुरगंज के कुड़ियाघाट स्थित ब्लिंकिट आर्डर पोर्टर में गुड्डू नौकरी करते हैं। रविवार दोपहर वह ग्राहक का आर्डर लेकर बाइक से डिलीवरी देने जा रहे थे। हेलमेट लगाए होने के बावजूद बंधा रोड पर चाइनीज मांझे की धार ने नाक को रेत दिया। हड़बड़ाहट में ब्रेक लगाने से गुड्डू गिरने से भी बचे। खून की धार देख वह जमीन पर बैठ गए। राहगीरों ने उन्हें नजदीकी क्लीनिक पहुंचाया।

दोपहर में ही व्यवसायी मुकेश वर्मा पत्नी मोनिका के साथ जा रहे थे। नाका फ्लाईओवर पर मांझे की चपेट में आने से उनकी दोनों भौं कट गई। इससे वह खून से लथपथ हो गए। मोनिका के शोर मचाने पर एक कार सवार ने दंपति को अस्पताल पहुंचाया। शाम करीब 6 बजे फूलबाग निवासी 12वीं का छात्र आकिब शाम बाइक से अमीनाबाद जा रहा था। हीवेट रोड बंगाली क्लब के पास मांझे की चपेट में आने से उनके माथे से लेकर भौं तक कट लग गया। करीब आठ इंच लंबा कट लगने से उनकी हालत बिगड़ गई। राहगीरों ने उसे अस्पताल पहुंचाया, प्राथमिक उपचार के बाद उसे घर भेज दिया गया। शनिवार शाम करीब 6 बजे ठाकुरगंज के बालागंज निवासी व्यापारी नेता विमलेश तिवारी भी कुड़ियाघाट ग्रीन कॉरिडोर के पास प्रतिबंधित मांझे की चपेट में आ गए। वह वे कार्यालय से हेल्मेट पहनकर मोटरसाइकिल घर जा रहे थे। ग्रीन कॉरिडोर के पास चाइनीज मांझे की धार ने उनकी नाक को रेत दिया। विमलेश ने ब्रेक लगाया तो बाइक अनियंत्रित हो गई, जिससे वह गिरने से बाल बाल बचे। संभले तो नाक से खून की धार गिरने लगी। उनको दर्द से कराहता देख राहगीर दौड़े।

विमलेश ने फैजुल्लागंज निवासी भाई अभिषेक को सूचना दी। वह मौके पर पहुंचे और विमलेश को बृजराज हॉस्पिटल तहसीनगंज ले गए। पीड़ित ने बताया कि मांझे की धार से नाक और आंख के पास कट लगा है। चार टांके लगे हैं। विमलेश ने बताया कि अगर उनकी बाइक की रफ्तार अधिक होती तो बड़ी घटना हो जाती। चौकी प्रभारी सतखंड हेमू पटेल ने बताया कि सूचना मिली थी, लेकिन किसी ने कोई लिखित शिकायत नहीं की है।

- पुलिस का कहना है कि अभी तक किसी पीड़ित की ओर से कोई तहरीर नहीं मिली

### खुद ही बरतें सावधानी

- वाहन चलाते समय हेल्मेट का कवर बंद रखें।
- मफलर, गमछा, स्कार्फ या स्टोल बांधे।
- बच्चों को पतंग के पीछे भागता देख वाहन रोक लें।
- बच्चों को बाइक के आगे कतई न बैठाएं।
- दोपहिया वाहन तेज रफ्तार में न चलाएं।



प्रतिबंधित मांझे की चपेट में आने से घायल डिलीवरी ब्याय गुड्डू, व्यापारी नेता कमलेश तिवारी, व्यापारी मुकेश और छात्र आकिब।

### सूती धागे से बनी डोर का करें इस्तेमाल

- यहियागंज उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष अमरनाथ मिश्रा ने प्रशासन से मांग की है कि प्रतिबंधित चाइनीज मांझे एवं धातु मिश्रित धारदार मांझे की बिक्री पर सख्ती से रोक लगाई जाए। साथ ही दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। उन्होंने अपील की है कि लोग साधारण सूती धागे से बनी डोर का इस्तेमाल करें। साथ ही सड़क के आसपास पतंग उड़ाने से बचें, जिससे किसी की जान जोखिम में न पड़े।

### पांच दिन में घटनाएं

- **4 फरवरी :** हैदरगंज ओवरब्रिज पर गर्दन कटने से मोहम्मद शोएब (33) की मौत।
- **5 फरवरी :** चौक में मांझे से हाईस्कूल छात्र नजम खान की गर्दन कटी।
- **5 फरवरी :** शहीद पथ इकाना हॉस्पिल के पास चाइनीज मांझे से रिटायर्ड सैन्यकर्मी बृजेश राय का चेहरा कटा।
- **5 फरवरी :** गोमतीनगर विस्तार में बिजली विभाग के कर्मचारी सुधीर कुमार चाइनीज मांझे से घायल।

### सिटी ब्रीफ

## भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ का व्यापारी सम्मेलन आज

**अमृत विचार, लखनऊ :** भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ का व्यापारी सम्मेलन सोमवार को विश्वेश्वरैया प्रेक्षागृह में आयोजित किया जा रहा है। बजट 2026–27 पर व्यापारी अपने विचार साझा करेंगे। सम्मेलन में मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, विशिष्ट अतिथि विधायक पंकज सिंह, प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक विनीत अग्रवाल शारदा की मौजूदगी रहेगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी करेंगे। दोपहर ढाई बजे कार्यक्रम शुरू होगा। यह जानकारी व्यापारी सम्मेलन के संयोजक अभिषेक खरे ने दी।

## निकाय कर्मियों का 19 से अनिश्चितकालीन धरना

**अमृत विचार, लखनऊ :** 10 सूत्री समस्याओं का समाधान न होने से नाराज निकाय कर्मचारी 19 फरवरी से अनिश्चितकालीन कार्य बन्दी करेंगे। उप्र स्थानीय निकाय कर्मचारी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष शशि कुमार मिश्र ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 19 जनवरी को 10 सूत्री मांग पत्र नगर विकास मंत्री व प्रमुख सचिव नगर विकास को भेजा गया था। अभी तक नगर विकास विभाग द्वारा कोई भी सकारात्मक निर्णय नही लिया गया है। महासंघ ने प्रदेश सरकार व शासन से मांग की है कि यदि समय रहते मांग पत्र पर कोई सकारात्मक निर्णय नही लिया गया तो कर्मचारी आंदोलन के लिए बाध्य होगा।

## मार्ग प्रकाश विभाग कर्मियों के पीएफ में गड़बड़ी

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ नगर निगम श्रमिक संघ के महामंत्री विनोद कुमार द्विवेदी ने आरोप लगाया कि नगर निगम के मार्ग प्रकाश विभाग के आउट सोर्सिंग कर्मचारियों का पीएफ जमा नहीं हो रहा है। आरोप है कि पुरानी कार्यदायी संस्थाओं की तरह लक्ष्मी सिक्योरिटी भी आधा अधूरा पीएफ जमा कर रही है। संस्था ने जुलाई 2025 से नगर निगम के आरआर और मार्ग प्रकाश विभाग में आउटसोर्सिंग से करीब एक हजार कर्मचारी लगाए हैं। मार्ग प्रकाश विभाग में करीब 450 कर्मचारी हैं। मार्ग प्रकाश के कर्मियों का पीएफ खाता तक नहीं खुलवाया गया। पुराने कर्मचारियों के पीएफ खाते में भी दो महीने पीएफ जमा नहीं किया गया है। कर्मियों का कहना है कि अगस्त में पहले वेतन में ही फर्म ने 300 रुपये की कटौती कर ली और जानकारी भी नहीं दी।

# होली पर एलडीए की नैमिष नगर योजना लांच करने की तैयारी

## पहले चरण में एक साथ लांच किए जाएंगे 14 सेक्टर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** लखनऊ विकास प्राधिकरण ने बीकेटी स्थित 4035 एकड़ की नैमिष नगर योजना लांच करने की तैयारी तेज कर दी है। प्रथम चरण में फेज-1 के विकसित 14 सेक्टरों में भूखंडों की बिक्री का पंजीयन खोला जाएगा। सेक्टर विकसित करने का काम तेज कर दिया है। योजना होली पर लांच की जाए इस ओर प्रयास तेज कर दिया है।

एलडीए आवासीय योजना के लिए बीकेटी तहसील के ग्राम भौली, लक्ष्मीपुर, पूरब गांव, पुरवा, सैरपुर, फरुखाबाद, कोड़री भौली, कमलाबाद, कमलापुर, पलहरी, गोपरामऊ, बारूमऊ, धतिंगरा, सैदापुर, पश्चिम गांव, धोबैला, उमरभारी व दुग्गौर में चिन्हित भूमि किसानों से खरीद रहा है। 100 हेक्टेयर से अधिक भूमि की रजिस्ट्री भी अपने पक्ष में करा ली है। योजना में कुल 33 सेक्टर विकसित करके तीन लाख से अधिक लोगों को आवासीय सुविधा दी जाएगी। सेक्टर-1 व सेक्टर-12 में पूरी जमीन खरीद ली है। 60 फीसद से अधिक भूमि की रजिस्ट्री होने पर टेंडर कराकर सड़क, नाली, सीवर आदि कार्य कराए जाएंगे।

इस योजना को आईआईएम रोड से जोड़ा जाएगा। इसके लिए आईआईएम-रैथा रोड चौड़ी की जाएगी। इससे बेहतर रोड कनेक्टविटी मिलेगी। साथ ही काकोरी में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे के पास 6500 एकड़ की वरुण विहार योजना भी लांच हो सकती है। एलडीए ने किसानों से जमीन जुटाव भी काफी हद तक कर लिया है।

### नैमिष नगर योजना में ये सुविधाएं

- तीन लाख लोगों को आवासीय सुविधा
- चौड़ी सड़कें, ग्रीन बेल्ट, पार्क, स्कूल, अस्पताल
- कम्यूनिटी सेंटर, सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट, व्यावसायिक केंद्र
- उद्योग, स्वास्थ्य, शिक्षा व लॉजिस्टिक क्षेत्र का विकास

### वरुण विहार योजना में ये सुविधाएं

- 25 सेक्टर, 15 हजार से ज्यादा भूखंड
- उद्योग, स्वास्थ्य, शिक्षा व लॉजिस्टिक क्षेत्र का विकास
- 800 एकड़ में ग्रीन बेल्ट, पार्क व वाटर बाड़ी
- एक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गोल्फ कोर्स

### एलडीए बनाएगा प्रवेश द्वार, स्थल चिन्हित

- **अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विकास प्राधिकरण शहर के मुख्य प्रवेश मार्गों पर भव्य द्वार बनाएगा। इससे शहर को आध्यात्मिक सांस्कृतिक पहचान मिलेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की घोषणा के बाद एलडीए ने प्रक्रिया शुरू कर दी है। राजधानी में सांस्कृतिक और धार्मिक गंतव्यों की पहचान को दर्शाने के लिए सात प्रवेश द्वार बनेंगे। जो एलडीए समेत अन्य विभाग बनायेंगे। इससे जिलों को नया स्वरूप मिलेगा। एलडीए ने इस दिशा में काम शुरू कर दिया है इससे शहर की ऐतिहासिक विरासत के साथ पहचान मिलेगी। द्वार लखनऊ से प्रयागराज, वाराणसी, अयोध्या, नैमिषारण्य, हस्तिनापुर, मथुरा और झांसी की ओर जाने वाले प्रमुख मार्गों पर बनेंगे। एलडीए ने स्थल चयन के साथ नाम चिन्हित कर लिए है। एस्टीमेट भी लगभग तैयार हो गया है। लागत भी तय कर ली है। प्रवेश द्वार के डिजाइन में भारतीय पारंपरिक वास्तुकला, शिल्पकला और सांस्कृतिक प्रतीकों का प्रभावी समावेश किया जाए। पत्थर की नक्काशी, स्तंभ, म्यूरल, फव्वारे, प्रकाश व्यवस्था की जाएगी।





### आज महापौर से मिलेंगे आआर विभाग के कर्मचारी

**अमृत विचार, लखनऊ :** नगर निगम की गोमती नगर स्थित केंद्रीय कार्यशाला की बिल्डिंग खाली होने लगी है। कार्यालयों से लेकर कर्मचारी संगठनों के कक्ष भी खाली कराए जा रहे हैं। दूसरी जगह कार्यशाला का निर्माण और कार्यालय बनाये बिना नगर निगम मुख्यालय की बिल्डिंग का निर्माण शुरू कराये जाने से कर्मचारी परेशान हैं। इसे लेकर शनिवार को कर्मचारी संगठनों ने कार्यशाला में आम सभा करके विरोध किया था। उन्होंने मांग की थी कि पहले कार्यशाला दूसरी जगह बन जाने के बाद ही मुख्यालय की बिल्डिंग का निर्माण शुरू कराया जाए। लेकिन कर्मचारियों के विरोध पर कोई व्यवस्था न कराये जाने से नाराज आरआर कर्मचारी संघ के पदाधिकारी और कर्मचारी सोमवार को नगर निगम मुख्यालय पर जुटेंगे और महापौर सुषमा खर्कवाल मुलाकात करेंगे।








जनभवन में आयोजित 57वीं प्रादेशिक फल शाकभाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी में फूलों की सुंदरता के साथ अस्था की झलक और देश के सैनिकों के पराक्रम की झांकी भी देखने को मिली। फूलों से बनी पुलवामां आतंकी हमले और उसके बाद पाकिस्तान पर हुए एयरस्ट्राइक की झांकियों को खूब सराहना मिली। अमृत विचार

### पर्यटन को बढ़ावा

हनुमान सेतु से गोमती बैराज के बीच 30 से 45 मिनट कराएगा सैर

# गोमती किनारे तैयार हो रहा क्रूज, जल्द नदी में उतारा जाएगा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : गोमती नदी पर जल्द टूरिस्ट क्रूज चलेगा। इसमें 200 लोग तक एक साथ सैर कर सकेंगे। क्रूज में कॉन्फ्रेंस हॉल, वीआईपी लाउंज, डिजिटल स्क्रीन व ओपन रेस्टोरेंट आदि की सुविधा मिलेगी। हनुमान सेतु के पास रिवर फ्रंट पर क्रूज का निर्माण शुरू हो गया है। रविवार को एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने निरीक्षण करके प्रोजेक्ट की प्रगति जानी।

उपाध्यक्ष ने स्थल पर शुरू हुए कार्य देखे और संबंधित अधिकारियों को पांच माह में क्रूज का निर्माण पूरा करके संचालित करने के निर्देश दिए। बताया कि गोमती पर टूरिस्ट क्रूज के संचालन के लिए आरएफपी आमंत्रित की थी। क्रूज की लंबाई 45 मीटर और चौड़ाई 10 मीटर होगी। इसमें एक बार में 200 लोग सवार होकर नदी की सैर कर सकेंगे। क्रूज का संचालन हनुमान सेतु से गोमती बैराज के मध्य किया जाएगा। ये 30 से 45 मिनट में एक चक्कर पूरा करेगा। क्रूज के बेसमेंट में आधुनिक कॉन्फ्रेंस हॉल, डिजिटल स्क्रीन व वीआईपी लाउंज होंगे। वहीं, ऊपरी हिस्से में ओपन रेस्टोरेंट की सुविधा होगी। क्रूज की सैर के लिए प्रति व्यक्ति 300 रुपये टिकट प्रस्तावित है। लंच, डिनर व बुफे आदि की सुविधा के लिए अलग से भुगतान करना होगा।



अधिकारियों से क्रूज के संबंध में जानकारी लेते एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार। अमृत विचार

### 16 करोड़ लागत, प्रतिवर्ष 16 लाख एलडीए को देगी कंपनी

- प्रोजेक्ट निर्माण के लिए कोलकाता की कंपनी मेसर्स बालाजी सेल्स एंड पूर्णिमा इंटरप्राइजेज का चयन किया गया है। कंपनी ने हनुमान सेतु के पास रिवर फ्रंट पर क्रूज का निर्माण शुरू कर दिया है। क्रूज का निर्माण लगभग 16 करोड़ की लागत से किया जाएगा, इसका पूरा खर्च कंपनी उठाएगी। वहीं, क्रूज का संचालन शुरू होने पर कंपनी को प्रतिवर्ष 16 लाख रुपये एलडीए को रेवेन्यू के तौर पर देने होंगे।



क्रूज का मॉडल।

### मरीन लाइफ की जानकारी देगा स्टॉफ

- टूरिस्ट क्रूज पर कैप्टन समेत पांच मरीन क्रू–मेंबर्स तैनात होंगे। राइड शुरू होने पर कैप्टन द्वारा पब्लिक एड्रेस सिस्टम के जरिए क्रूज पर मौजूद लोगों को संबोधित किया जाएगा। खास तौर से बच्चों को क्रूज की विशेषताओं व संचालन के साथ ही मरीन लाइफ के बारे में रोचक जानकारी दी जाएंगी। इसके अलावा बच्चों व युवाओं के लिए तरह–तरह की मनोरंजक गतिविधियां भी होंगी।

# कोनेश्वर महादेव मंदिर के लिए एक करोड़ मंजूर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** शहर के चौक क्षेत्र में स्थित प्राचीन और पौराणिक कोनेश्वर महादेव मंदिर अब नए वैभव के साथ श्रद्धालुओं और पर्यटकों को आकर्षित करेगा। रामायण काल से जुड़ी मान्यताओं वाले इस ऐतिहासिक मंदिर के सौंदर्यीकरण और पर्यटन विकास के लिए उप्र. पर्यटन विभाग द्वारा एक करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है। मुख्यमंत्री योगी सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल इस मंदिर के विकास से लखनऊ की धार्मिक और सांस्कृतिक पहचान को नई मजबूती मिलेगी।

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने रविवार को बताया कि गोमती नदी के तट पर स्थित यह मंदिर कौण्डिन्य ऋषि के आश्रम से जुड़ा हुआ है, जिसका उल्लेख प्राचीन धार्मिक ग्रंथों में मिलता है। मान्यता है कि माता सीता को वन में छोड़ने के बाद शोकाकुल लक्ष्मण यहीं ठहरे थे और ऋषि के कहने पर उन्होंने आश्रम में स्थापित शिवलिंग का अभिषेक किया था। वाल्मीकि कृत रामायण में भी इस प्रसंग का उल्लेख मिलता है। मंदिर में कोने में स्थापित शिवलिंग को पहले कौण्डिन्येश्वर महादेव कहा गया, जो कालांतर में कोनेश्वर महादेव के नाम से प्रसिद्ध हुआ।

पर्यटन मंत्री ने बताया कि मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए आधुनिक प्रकाश व्यवस्था, स्वच्छ शौचालय, पेयजल सुविधा और विश्राम स्थल का निर्माण किया जाएगा। सावन माह में यहां भारी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं।

## सिटी ब्रीफ

### मादक पदार्थों की तस्करी में दंपति गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ:** यूपी एएनटीएफ ने ठाकुरगंज इलाके से दंपति को मादक पदार्थों की तस्करी में गिरफ्तार किया है। आरोपी दंपति के पास से 310 ग्राम हेरोइन और 135 ग्राम अफीम बरामद की है। बरामद मादक पदार्थों की कीमत 63 लाख रुपये बताई जा रही है। एएनटीएफ टीम को सूचना मिली थी कि ठाकुरगंज के दौलतगंज इलाके में रहने वाले दंपति मादक पदार्थों की तस्करी कर रहे हैं। टीम ने रविवार को छापेमारी कर दौलतगंज स्थित गऊघाट निवासी श्रवण कुमार निषाद और उसकी पत्नी मोनी देवी को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि जल्द ही जमानत पर छूटे हैं।

### नशीला पदार्थ सुंघाकर महिला को लूटा

**अमृत विचार, लखनऊ:** ठाकुरगंज के शीला गार्डन निवासी शन्नो देवी शनिवार दोपहर वह अंधे की चौकी स्थित अस्पताल दवा लेने गई थीं। लौटते समय वह ई-रिक्शा से सीतापुर बायपास पर उतरीं। इसी दौरान करीब पंद्रह वर्षीय एक किशोर उनके पास आकर रोने लगा और मदद मांगने लगा। पीछे से एक महिला और पुरुष भी आ पहुंचे। दोनों ने किशोर की मदद करने का दबाव बनाया और शन्नों के हाथ में एक पैकेट पकड़ा दिया। पैकेट से तेज दुर्गंध आने के कारण महिला बेहोश हो गई। ठग उनकी सोने की बालियां और मंगलसूत्र उतार ले गए। इंस्पेक्टर श्रीकांत ने बताया कि आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

### एल्पिडा होम्स ने प्लॉट के नाम पर ठगे सात लाख

**अमृत विचार, लखनऊ:** रियल एस्टेट कंपनी एल्पिडा होम्स ने प्लॉट के नाम पर एक व्यक्ति से करीब सात लाख रुपये ठग लिए। डीसीपी पूर्वी शशांक सिंह के आदेश पर विभूतिखंड पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इंस्पेक्टर अमर सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। इंदिरानगर के तकरोही निवासी पवन कुमार पांडेय ने बताया कि एल्पिडा होम्स प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक उद्देश्य तिवारी से विभूतिखंड स्थित ऑफिस में मुलाकात हुई थी। पीड़ित ने कंपनी के प्रोजेक्ट में चार प्लॉट बुक किए थे। प्लॉट के लिए पीड़ित ने 6,97,240 रुपये दिए थे। बाद में पीड़ित को पता चला कि प्रोजेक्ट को जिला पंचायत से अप्रूवल नहीं मिला है। जमीन भी कंपनी के नाम नहीं है। पीड़ित ने आरोपित उद्देश्य तिवारी से रुपये वापस मांगे। वह आश्वासन देकर मुकर गया। पीड़ित ने विभूतिखंड थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### फाइनेंस कंपनी ने चोरी से उठवाई जेसीबी

**अमृत विचार, लखनऊ:** दो किस्तें अदा न होने पर निजी फाइनेंस कंपनी ने लोन धारक की जेसीबी बिना उसकी जानकारी के खिंचवा ली। कोर्ट के आदेश पर चिनहट पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। चिनहट स्थित डिगडिगा गोयला निवासी अनिल कुमार यादव ने बताया कि एचडीबी फाइनेंस फाइन सर्विसेज से लोन लेकर 24,19,824 रुपये में जेसीबी ली थी। उसकी किस्त 66,705 रुपये प्रतिमाह जाती थी। पीड़ित ने 6 किस्तें जमा कर दी थीं। किसी वजह से दो किस्तें नहीं दे सके थे। पीड़ित ने कंपनी से किस्त जमा करने के लिए समय मांगा था। इसी बीच 17 अगस्त 2024 को पीड़ित के घर के पास खड़ी जेसीबी कंपनी ने चोरी से उठवा ली। पीड़ित का दावा है कि विरोध करने पर उन्हें जान से मारने की धमकी दी गई। पीड़ित ने पुलिस में शिकायत की लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। कोर्ट के आदेश पर चिनहट पुलिस ने कंपनी के मैनेजर भूपेंद्र प्रताप सिंह ,कलेक्शन मैनेजर नीरज सिंह चौहान, अंकित सिंह और कृष्ण कुमार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# 12 दिन विधानभवन के आसपास से नहीं जा सकेंगे वाहन

## बजट सत्र के चलते किया गया यातायात व्यवस्था में बदलाव

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



**अमृत विचार:** 9 फरवरी से विधानभवन में बजट सत्र शुरू हो रहा है। ये 20 फरवरी तक चलेगा। इन 12 दिनों के लिए यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है।

डायवर्जन के दौरान विधानभवन भवन आसपास के रास्तों से आवागमन नहीं किया जा सकेगा। डीसीपी ट्रैफिक कमलेश दीक्षित ने बताया कि प्रतिबंधित मार्ग पर एंबुलेंस, दमकल, स्कूली वाहन और शव वाहन जा सकेंगे। यातायात से जुड़ी आपात स्थिति के लिए ट्रैफिक कंट्रोल नंबर 9454405155 पर संपर्क कर सकते हैं।

### इधर से न जाएं

- बंदरियाबाग चौराहे से वाहन राजभवन, डीएसओ चौराहा, हजरतगंज चौराहा और जीपीओ की ओर।
- डीएसओ चौराहा से हजरतगंज, जीपीओ पार्क, विधानसभा मार्ग की ओर।
- रॉयल होटल चौराहा से विधानसभा के सामने से हजरतगंज चौराहा की ओर।
- महानगर की तरफ से आने वाले रोडवेज/सिटी बस सिकंदरबाग चौराहा, हजरतगंज चौराहा, विधानभवन की ओर।
- केकेसी तिराहा से चारबाग की तरफ से रोडवेज/सिटी बस हुसैनगंज चौराहा, रॉयल होटल से विधानभवन की ओर।
- गोमतीनगर से आने वाले रोडवेज/ सिटी बस सिकंदरबाग चौराहा, हजरतगंज चौराहे से विधानभवन की तरफ।
- सिकंदरबाग चौराहा से विधानभवन की ओर जाने वाले वाहन हजरतगंज चौराहा की तरफ।
- वाहन परिवर्तन चौक, हिंदी संस्थान तिराहा से हजरतगंज चौराहा होकर विधानभवन की ओर।
- वाहन डीएसओ चौराहा से सिसेंडी, रॉयल होटल चौराहे की ओर।

### इधर से जाएं

- वाहन लालबत्ती चौराहा, कैंट, गोल्फ क्लब चौराहा व 1090 चौराहा होकर।
- वाहन पार्क रोड, मेफेयर तिराहा होकर।
- वाहन कैसरबाग चौराहा, परिवर्तन चौक, चिरैयाझील या बर्लिंग्टन चौराहा, सदर ओवरब्रिज होकर।
- बस बैकुंठ धाम, 1090 चौराहा, बंदरियाबाग चौराहा, लालबत्ती व कैंट होकर।
- बस लोको चौराहा, कैंट या बर्लिंग्टन चौराहा से कैसरबाग होकर।
- बस बैकुंठ धाम, संकल्प वाटिका, चिरैयाझील से कैसरबाग और 1090, बंदरियाबाग चौराहा, लालबत्ती चौराहा चौराहा, कैंट होते हुए।
- वाहन सिकंदरबाग चौराहे से बालू अड्डा, 1090 चौराहा या चिरैयाझील होकर।
- कैसरबाग चौराहा या चिरैयाझील, संकल्प वाटिका, सिकंदरबाग चौराहा, 1090 चौराहा, गोल्फ क्लब चौराहा, लालबत्ती व कैंट होकर।
- वाहन हजरतगंज चौराहा, मेफेयर तिराहा व रॉयल होटल चौराहा, बर्लिंग्टन चौराहा, कैंट होकर।



अटल चौराहे से जनभवन की ओर जाने वाली सड़क पर लगे जाम में फंसे वाहन। अमृत विचार

## सुरक्षा के लिए चार जोन और 10 सेक्टर में बांटा गया इलाका

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश सरकार का बजट सत्र 9 फरवरी को शुरु होगा। 20 फरवरी तक चलने वाले बजट सत्र के दौरान सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से विधानभवन और आसपास के इलाके को चार जोन और 10 सेक्टर में बांटा गया है। विधानभवन के आसपास धरना प्रदर्शन या अव्यवस्था को रोकने के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं।

जेसीपी कानून एवं व्यवस्था बबलू कुमार ने बताया कि विधानभवन के आसपास सुरक्षा व्यवस्था और यातायात सुचारू रखने के लिए भारी पुलिस बल की तैनाती की गई है। पुलिस अधिकारियों के साथ एटीएस की भी तैनात रहेगी। , डीएफएमडी, बीडीएस और एंटी सेबोटॉज टीम को भी अलर्ट कर दिया गया है। यातायात व्यवस्था को संभालने के लिए 13 निरीक्षक, 63 उप-निरीक्षकों, 195 मुख्य आरक्षी व आरक्षी, 67 होमगार्ड लगाए गए हैं। पुलिस, प्रशासनिक एवं सुरक्षा इकाइयों की संयुक्त ब्रीफिंग आयोजित कर ड्यूटी पॉइंट, रूट प्लानिंग और वीवीआईपी प्रोटोकॉल की जानकारी दी गई है। जेसीपी ने बताया कि पूरे क्षेत्र की 24×7 सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जा रही है। सोशल मीडिया के माध्यम से पुलिस द्वारा 24 घंटे नजर रखेगी।

### इनकी होगी तैनाती

- एडीसीपी 4
- एसीपी 11
- पीएसी/आरएएफ 6 कंपनी
- एटीएस के तीन विशेष कमांडो टीमें
- डीएफएमडी 18
- बम निरोधक दस्ता 2 टीमें
- एंटी माइन टीम 1
- एंटी सेबोटॉज टीम 4
- निरीक्षक 31
- उपनिरीक्षक 274
- मुख्य आरक्षी 601
- महिला आरक्षी 124
- होमगार्ड 67

# दवा कारोबारी से लॉरेंस बिश्नोई के नाम से मांगी 30 लाख रुपये रंगदारी

संवाददाता, सरोजनीनगर

**अमृत विचार:** लारेंस बिश्नोई के नाम पर पत्र भेजकर कानपुर रोड स्थित दवा कारोबारी से 30 लाख रुपये की रंगदारी मांगी गई। 100 से अधिक सीसीटीसी के फुटेज खंगाल कर सरोजनीनगर पुलिस आरोपी पूर्व सेल्समैन तक पहुंच गई और उसे दबोच लिया। लोन की किस्त चुकाने के लिए आरोपी ने मूवी व वेब सीरिज देकर रंगदारी वसूलने की साजिश रची थी। पुलिस ने वारदात में प्रयुक्त स्कूटी, हेल्मेट व शॉल भी बरामद कर लिया है। आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

चिनहट के विकल्प खंड स्थित रोहित रेजीडेंसी निवासी गौरव बत्रा दवा कारोबारी हैं। कानपुर रोड स्थित हिंदनगर में करुण इंटरप्राइजेज नाम से उनकी फर्म है। 30 जनवरी को सुबह करीब 9:30 बजे वह कार्यालय पहुंचे। गार्ड सत्य नारायण ने उन्हें एक बंद लिफाफा दिया। गार्ड ने बताया कि रात में एक व्यक्ति आपका नाम पूछकर लिफाफा दे गया था। लिफाफे पर हिंदी व अंग्रेजी में पीड़ित का नाम के साथ ही लिखा था सिर्फ गौरव ही खोले। लिफाफे में रखे पत्र में लिखा था कि 30 लाख रुपये दो वर्ना उसे और सभी कर्मचारियों को जान से मार देंगे। पत्र भेजने वाले ने खुद को बिश्नोई गैंग का बताया। हिम्मत जुटाकर गौरव ने 7 फरवरी को सरोजनीनगर थाने में तहरीर दी। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर छानबीन शुरु की।



आरोपी उमेश कुमार।

- 100 से अधिक सीसीटीवी कैमरे खंगाल पुलिस ने पूर्व सेल्समैन को दबोच लिया
- लोन की किस्त चुकाने के लिए वेब सीरीज देखकर रची रंगदारी वसूलने की साजिश

एसीपी कृष्णानगर रजनीश वर्मा ने बताया कि करीब 100 से अधिक कैमरों की फुटेज खंगालने के बाद सुराग मिला कि धमकी देने वाला दवा कारोबारी का पूर्व सेल्समैन था। पुलिस ने रविवार दोपहर करीब 12 बजे आरोपी को बिजनौर के रहीमाबाद रोड से गिरफ्तार कर लिया। मूल रूप से बलिया के खेजुरी बिसहर गांव निवासी उमेश कुमार यादव बिजनौर थाना क्षेत्र के सीआरपीएफ कैंपस के पास सैनिक एंक्लेव में रहता है।

पूछताछ में उमेश ने बताया कि वह करुण इंटरप्राइजेज में काम करता था, लेकिन सेटलमेंट न मिलने के कारण अगस्त 2025 में नौकरी छोड़ दी थी। उसने बैंक से 7 लाख रुपये का लोन लिया था, जिसकी किस्तें न चुका पाने से वह परेशान था। तब फिल्मों और वेब सीरीज देखकर उसने रंगदारी की साजिश रची।

## साइबर जालसाज ने तीन युवकों के खाते से उड़ाए 2.86 लाख

**अमृत विचार, लखनऊ :** साइबर जालसाजों ने तीन युवकों के खातों से 2.86 लाख रुपये उड़ा लिए। पुलिस तीनों मामलों को दर्ज कर साइबर क्राइम सेल की मदद से जांच कर रही है। कृष्णानगर के बजरंग नगर निवासी आमोद कुमार पांडेय 28 जनवरी की दोपहर वे पीएनबी 1 एप डाउनलोड करने का प्रयास कर रहे थे। इसी दौरान एक कॉल आई। जालसाज ने खाते से सात बार में 1.39 लाख रुपये पार कर दिए। रुपये कटने का मैसेज आने पर आमोद ने बैंक व साइबर सेल और कृष्णानगर कोतवाली में शिकायत की। गाजीपुर के मारूतिपुरम निवासी अमरेश कुमार को फोन कर जालसाज ने चचेरे भाई का एक्सीडेंट का झांसा देकर फंसाया। इलाज के नाम पर तीन बार में एक लाख रुपये खाते से ट्रांसफर करा लिए। पीड़ित ने गाजीपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। विनोद कुमार ऑनलाइन बार की दरें देख रहा था। इसी दौरान एक कॉल आयी। जालसाज ने कामधेनु कंपनी का विक्रेता बनकर प्रोफार्मा बिल भेजकर 46,904 रुपये जमा करा लिए।


# दहेज में पांच लाख न मिलने पर तीन तलाक देकर घर से निकाला

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** निकाह के कुछ दिन बाद पति खाड़ी देश चला गया, यहां ससुरालवालों ने दहेज में पांच लाख रुपये न मिलने पर प्रताड़ित करने लगे। पति विदेश से लौटा तो पीटा और तीन तलाक देकर घर से निकाल दिया। पीड़ित की तहरीर पर मदेयगंज पुलिस ने पति और ससुरालवालों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

थाना क्षेत्र की युवती का निकाह सितंबर 2023 में डालीगंज के युवक से हुआ था। निकाह के कुछ वक्त बाद पति नौकरी के लिए खाड़ी देश चला गया। सास व ससुर ने मायके से पांच लाख रुपये लाने का दबाव डाला। ननदें ताने मारने लगी। रुपये न लाने पर प्रताड़ित किया जाने लगा। पीड़िता ने फोन पर पति को जानकारी दी तो उसने कहा कि जो घरवाले बोल रहे हैं करो। आरोप है कि देवर ने जबरदस्ती की। ससुराल आए मायकेवालों से भी मारपीट की गई। पति ने फोन पर कहा किपिता से पांच लाख लाकर दे दो, सबकुछ सही हो जाएगा। जून में विदेश से लौटे पति ने मारपीट की और तीन तलाक देकर भगा दिया। 17 सितंबर 2025 को तलाक का नोटिस भेज दिया। पीड़िता ने पति समेत छह के खिलाफ दहेज प्रताड़ना, मारपीट, मुस्लिम महिला एक्ट समेत गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई है। इंस्पेक्टर अंजनी कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

- पति समेत छह के खिलाफ मदेयगंज थाने में रिपोर्ट



# सेल्स मैनेजर के दो मंजिला मकान में लाखों की चोरी



चोरी के बाद कमरे में बिखरा सामान।

संवाददाता, सरोजनीनगर

**अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के हिंदूखेड़ा में चोरों ने सीमेंट कंपनी के सेल्स मैनेजर के मकान का ताला तोड़कर लाखों के माल पर हाथ साफ कर दिया। दो मंजिला घर के सभी कमरों के ताले तोड़कर चोर 13 लाख के जेवर, पौने तीन लाख रुपये के साथ ही बुलेट बाइक व डीवीआर भी उठा ले गए। छानबीन के बाद सरोजनीनगर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है।

अमौसी स्थित हिन्दूखेड़ा निवासी रईस अहमद एक सीमेंट कंपनी में सेल्स मैनेजर के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने बताया कि 6 फरवरी को वे पत्नी व बेटे के साथ पुत्रवधू को लेने फतेहपुर जिले के जहानाबाद गए थे। 7 फरवरी की शाम करीब छह बजे जब वह वापस घर लौटे तो मुख्य दरवाजे का ताला टूटा मिला। वे अंदर गए तो सभी कमरों के ताले टूटे और सामान बिखरा मिला। सभी कमरों की लाइट जल रही थी।

- जेवर, नकदी के साथ ही बुलेट बाइक व डीवीआर ले गए चोर

पीड़ित ने चोरी की सूचना डॉयल-112 पर दी। जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पीड़ित ने बताया कि चोर करीब 13 लाख के जेवर, पौने तीन लाख रुपये और बुलेट मोटरसाइकिल उठा ले गए। इसके साथ ही चोर सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर भी ले गए। पीड़ित ने बताया कि चोरों ने दो मंजिला घर को इत्मिनान से खंगाला। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## सिटी डायरी



छावनी स्थित कमांड अस्पताल के शिवम लॉन्स में राष्ट्रव्यापी हैंड सैनिटाइजेशन अभ्यास के दौरान नर्सिंग स्टाफ।

### हैंड सैनिटाइजेशन का अभ्यास कर दिया स्वच्छता पर जोर

**अमृत विचार,लखनऊ :** सशस्त्र बल चिकित्सा सेवा की पहल के तहत कमांड अस्पताल के शिवम लॉन्स में हैंड सैनिटाइजेशन अभ्यास का आयोजन किया गया। आयोजन रक्षा कर्मियों द्वारा सबसे बड़े राष्ट्रव्यापी हैंड सैनिटाइजेशन अभ्यासके रिकॉर्ड प्रयास का महत्वपूर्ण हिस्सा था। जिसे इंडिया बुक ऑफ रिकाड्र्स और एशियाई बुक ऑफ रिकाड्र्स के सहयोग से पूरे भारत में आयोजित किया गया। इस पहल का उद्देश्य सैन्य नर्सिंग सेवा के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में हाथ की स्वच्छता के महत्व को सुदृढ़ करना था। तीनों सेनाओं के 512 वर्दीधारी कर्मियों और नागरिक कर्मचारियों, जिनमें चिकित्सा और नर्सिंग स्टाफ और यूनिट के कैडेट शामिल रहे। ब्रिगेडियर विकास श्रीवास्तव, डिप्टी कमांडेंट, कमांड हॉस्पिटल लखनऊ ने स्वास्थ्य सेवा प्रणालियों में छह चरणों वाली हाथ की स्वच्छता प्रक्रियाओं के महत्व पर जोर दिया।



मेले में आए मरीज के स्वास्थ्य का परीक्षण करती हुई चिकित्सक।

### आरोग्य मेले में 3,583 ने लिया लाभ

**अमृत विचार, लखनऊ:** जनपद के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों (पीएचसी) पर रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एनबी सिंह ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सरोजनी नगर, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र उतरटिया और अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारियों, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारियों, जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी व एआरओ ने अन्य पीएचसी का भ्रमण किया। मेले के अंतर्गत प्रसवपूर्व जांच, नियमित टीकाकरण, शिशु एवं बाल स्वास्थ्य परीक्षण, संचारी व गैर-संचारी रोगों की स्क्रीनिंग, आवश्यकतानुसार उच्च संस्थानों को संदर्भन तथा परिवार नियोजन सेवाएं प्रदान की गईं। जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी योगेश रघुवंशी ने बताया कि मेले में कुल 3,583 लोगों ने सेवाओं का लाभ लिया।



अपर पुलिस महानिदेशक को सम्मानित करते अधिकारी।

### साइबर विषय पर दिया प्रशिक्षण

**अमृत विचार, लखनऊ:** उत्तर प्रदेश स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ़ फॉरेंसिक साइंस लखनऊ में 32 वीं एवं 35 वीं वाहिनी पीएसी में आरक्षी पद का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे जवानों के लिए साइबर एवं फोरेंसिक विषयों पर प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि अपर पुलिस महानिदेशक पीएसी डॉ. आरके स्वर्णकार और निदेशक डॉ. जीके गोस्वामी ने संबोधित किया। उप निदेशक जितेन्द्र श्रीवास्तव, जनसंपर्क अधिकारी संतोष तिवारी, डॉ. पोरवी सिंह, डॉ. अजीत कुमार, डॉ. श्रुतिदास गुप्ता, डॉ. निताशा अग्रवाल, डॉ. सपना शर्मा, डॉ. मनीष राय, डॉ. पलक अनेजा, डॉ. अमित, कार्तिकेय आदि उपस्थित रहे।



बैठक को संबोधित करते संगठन पदाधिकारी।

### बैठक की

**अमृत विचार, लखनऊ:** विद्युत मजदूर संगठन केंद्रीय कार्यकारिणी की बैठक रविवार को हम्बरा अपार्टमेंट में प्रांतीय अध्यक्ष विमलचंद पांडे की अध्यक्षता में हुई। आरएस राय ने उत्पीड़न का आरोप लगाया। कार्यवाहक अध्यक्ष आलोक सिन्हा, सैय्यद शोएब हसन, प्रदेश प्रभारी आरसी पाल सहित बाबू प्रताप सिंह, इंद्रेश राय, अशोक गुप्ता, मोहन बाबू आर्य, एसके सिन्हा, राजीव रंजन राय, संदीप कुमार, राहुल कुमार, वेद प्रकाश राय, जितेंद्र कुमार, संतोष कुमार शामिल रहे।

जालसाजी

खुद को गृह मंत्रालय में कार्यरत बताकर झांसे में लिया था

# नौकरी का झांसा देकर पांच लोगों से ठगे 17 .65 लाख रुपये

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** गृह मंत्रालय व चुनाव आयोग दिल्ली में नौकरी दिलाने के नाम पर जालसाज दंपति ने पांच लोगों से 17.65 लाख रुपये ऐंठ लिए। विकलांग प्रमाण पत्र बनवाने व पीएम आवास योजना में फ्लैट दिलाने के नाम पर आठ तोले का हार भी ठग लिया। डीसीपी साउथ निपुण अग्रवाल के आदेश पर पीजीआई पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

तेलीबाग के कुम्हार मण्डी निवासी सुधा सिंह ने बताया कि मोहल्ले की गीतांजली सिंह और उसके माता-पिता ने कानपुर निवासी जितेंद्र सिंह से मुलाकात करवाई। जितेंद्र ने खुद को केंद्रीय गृह मंत्रालय में अधिकारी बताया था। उसने गृह मंत्रालय व चुनाव आयोग दिल्ली में नौकरी दिलाने का झांसा दिया। सुधा ने दिव्यांग भाई नरेंद्र सिंह की नौकरी के लिए 2023 में 25 हजार रुपये पेशगी के तौर पर दिए। इसके बाद जितेंद्र ने कई बार में रुपये लिए। सुधा के भाई वीरेंद्र सिंह, संजय खड़का, वर्षा राना और रजनीश राना से भी नौकरी के नाम पर रुपये लिए। दबाव डालने पर अप्रैल 2025 में नरेंद्र सिंह, वीरेंद्र सिंह, संजय खडका, वर्षा राना, रजनीश राना व अन्य कई को अलग-अलग तारीख देकर इंटरव्यू के लिए दिल्ली बुलाया।

- विकलांगता प्रमाण पत्र बनवाने व पीएम आवास योजना में फ्लैट के नाम पर महिला का हड़पा हार
- डीसीपी साउथ के आदेश पर पीजीआई थाने में रिपोर्ट दर्ज

13 जून को शास्त्री भवन दिल्ली ले दस्तावेज सत्यापन भी कराया। विकलांग प्रमाण पत्र सीएमओ कार्यालय से बनवाने के नाम पर 3 लाख लिए। प्रधानमंत्री आवास योजना में फ्लैट दिलाने के नाम पर 8 तोले का हार गिरवी रखने की बात कहकर हड़प लिया। रुपये वापस मांगने पर एक लाख का चेक दिया, जो बाउंस हो गया। उनके माता-पिता के घर जाने पर पता चला कि जितेंद्र और गीतांजली गुड़गांव चले गए हैं। गुड़गांव में एल्डिको ऐकोलेड सोहना जी.डी. गोयनका वर्ल्ड स्कूल पहुंचे तो दंपति ने भगा दिया। पीड़िता ने पीजीआई थाने में गीतांजली सिंह, जितेंद्र सिंह, मां और पिता के खिलाफ 17.65 लाख रुपये और हार की ठगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। इंस्पेक्टर धीरेंद्र सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### अधिवक्ता से हड़पे 22.50 लाख

**अमृत विचार, लखनऊ:** सरोजनीनगर में प्लॉट बेचने का झांसा देकर अधिवक्ता से 22 .50 लाख रुपये हड़प लिए गए। कृष्णानगर के आलमबाग पूरननगर निवासी अधिवक्ता अजीत कुमार वर्मा ने बताया कि नवंबर 2018 में अमौसी निवासी उदयराज से 30 लाख में जमीन का सौदा तय हुआ। एग्रीमेंट होने के बाद 20 लाख रुपये खाते में भेज दिए थे। चूंकि उदयराज अनुसूचित जाति से हैं, इसलिए एग्रीमेंट में लिखवाया था कि राजस्व सक्षम अधिकारी से जमीन का प्रयोजन बदलवा कर आवासीय करवाकर लिखित सूचना देगा, फिर दो वर्ष में बैनामा कर दिया जाएगा। भूमि प्रयोजन बदलने के नाम पर ढाई लाख रुपये ले लिया और जुलाई 2021 व अक्टूबर 2022 में जाली साइन से चार बैनामे कर दिए। पीड़ित ने 9 अप्रैल 2023 को सरोजनीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई, जिस पर आरोपी को जेल भेजा गया था और पुलिस ने चार्जशीट लगा दी थी। आरोपी ने 6 जनवरी 2024 को शेष जमीन का बैनामा कर दिया। पीड़ित ने सरोजनीनगर थाने में उदयराज के खिलाफ जाली दस्तावेज के आधार पर 22 .50 लाख रुपये की धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

## सिटी ब्रीफ

### ब्रह्माकुमारीज केंद्र ने निकाली शिव बरात

**अमृत विचार, लखनऊ:** महाशिवरात्रि पर्व सर्व आत्माओं के परमपिता निराकार परमात्मा शिव का भारत भूमि पर अवतरण का यादगार दिवस है। यह दिन आध्यात्मिक प्रेम और सद्भावना को जागृत करने का शुभ अवसर है। महाशिवरात्रि के इस पावन महोत्सव का रविवार से शुभारंभ किया गया है, जो 16 फरवरी तक चलेगा। ब्रह्माकुमारीज केंद्र जानकीपुरम वरदानी भवन से शिव परमात्मा की बारात को बाजे गाजे के साथ 60 फीट रोड जानकीपुरम महापदम स्वीट्स के सामने मेला स्थल तक लाकर स्थापना की गई। मेले के मुख्य आकर्षण में अमरनाथ की गुफा, चैतन्य देवियों की झांकियां, डिजिटल वैलनेस नशा मुक्ति आदि हैं। जिसमें सपरिवार पधारने का सभी को निमंत्रण है। मेले में द्वादश ज्योतिर्लिंगम झांकी का भव्य प्रदर्शन भी किया गया है।

### प्रतियोगिता के विजेताओं को किया पुरस्कृत

**अमृत विचार, लखनऊ:** राज्य ललित कला अकादमी के स्थापना दिवस समारोह में पद्मभूषण राम वनजी सुतार के व्यक्तित्व और कृतित्व पर आधारित ऑनलाइन प्रतियोगिता के 14 विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। इनमें मोनू विश्वकर्मा, आंचल चौधरी, नेहा, सर्वेश कुमार पटेल, कुनाल विश्वकर्मा, अनुज मिश्रा, अभिषेक कुमार, सरिता शर्मा, श्वेता गोयल, सुरैया खातून, नीतू वर्मा, समीर वर्मा, शीतल, चितलंगिया और दीपक शर्मा को पुरस्कृत किया गया। इसके अलावा अभी हाल में ललित कला अकादमी की ओर से वन्दे मातरम पर आधारित 150 फीट लम्बी कलाकृति बनाने वाले मनोज कुमार हंसराज, वोनीत कुमार पाण्डेय, संजय राज, कुंवर अम्रेंद्र सिंह, अमित कुमार और समन्वयक किरण सिंह राठौर को पुरस्कृत किया।

### गोमती से निकाला तीन क्विंटल कचरा

**अमृत विचार, लखनऊ:** स्वच्छ पर्यावरण सेना ने रविवार को अभियान चलाकर गोमती नदी की तलहटी से 3 क्विंटल कचरा तथा सैकड़ों की संख्या में देवी देवताओं की मूर्तियां बाहर निकालीं। संयोजक रणजीत सिंह के नेतृत्व में स्वयंसेवकों ने सुबह 6 से 8 बजे तक झूले लाल पार्क गोमती नदी तट पर अभियान चलाया। अभियान के बाद आदि गंगा गोमती मां की विधिवत आरती की और सरकार से नदी में गिरने वाले नालों को बंद करने की मांग की।

### ट्रेन के आगे कूदकर युवती ने दी जान

**अमृत विचार, लखनऊ:** आलमनगर रेलवे स्टेशन के पास एक युवती ने ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर लिया। चारबाग जीआरपी ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका की पहचान मालती (22) पुत्री आग्नेय लाल के रूप में हुई है, जो उन्नाव के औरास की रहने वाली थी। घटना शनिवार रात लगभग 11 से 12 बजे के बीच की बताई जा रही है। चारबाग जीआरपी प्रभारी ने बताया कि मौके से एक मोबाइल बरामद हुआ था, जिससे परिजनों को सूचित किया गया। छानबीन में पता चला कि मालती आलमनगर में रहकर सिलाई का काम करती है। वहीं, पुलिस युवती के मोबाइल कॉल डिटेल और अन्य पहलुओं की जांच कर रही है। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिवारवालों के सुपुर्द कर दिया गया।

### ट्रेन की चपेट में आने से पेंटर की मौत

**अमृत विचार, लखनऊ:** सैरपुर इलाके में रविवार सुबह ट्रेन की चपेट में आने से पेंटर की मौत हो गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजन से संपर्क कर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। एसओ मनोज कुमार कोरी ने बताया कि सैरपुर के छठे मील निवासी मेराज एंबुलेंस चालक है। मेराज ने बताया कि उनका बड़ा भाई मो. आजम (23) पेंटिंग का काम करता था। रविवार सुबह करीब 9 बजे वह जानकीपुरम में काम करने की बात कहकर घर से निकला था। मेराज ने बताया कि सुबह करीब साढ़े 10 बजे उन्हें जानकारी मिली की आजम ट्रेन की चपेट में आने से घायल हो गया है। आनन-फानन वह उसे लेकर ट्रॉमा सेंटर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने आजम को मृत घोषित कर दिया। परिवार में पिता शकील, मां शहरतुल और एक बड़ा भाई है।

# शिया वक्फ बोर्ड में भ्रष्टाचार के खिलाफ हैदरी टास्क फ़ोर्स ने दिया धरना

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश शिया सेंट्रल वक्फ बोर्ड में फैले व्यापक भ्रष्टाचार, लूट और भूमाफिया गठजोड़ के खिलाफ शिया मुस्लिम संगठन हैदरी टास्क फोर्स ने रविवार को ऐतिहासिक छोटे इमामबाड़े धरना-प्रदर्शन किया।

प्रदर्शन के दौरान एचटीएफ ने केंद्र सरकार से वक्फ बोर्ड के खिलाफ सीबीआई जांच कराने और उत्तर प्रदेश सरकार से मौजूदा शिया सेंट्रल वक्फ बोर्ड को तत्काल भंग करने की मांग की। धरने में शामिल फ़ोर्स के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि शिया समुदाय की हज़ारों करोड़ रुपये की वक्फ संपत्तियां सुनियोजित तरीके से रिकॉर्ड से गायब कर दी गईं और उन्हें भूमाफियाओं के हाथों बेच दिया गया। कहा गया कि वक्फ बोर्ड अब एक धार्मिक संपत्तियों की संरक्षक नहीं, बल्कि जमीनों की दलाली करने वाला गिरोह बन चुका है।

फ़ोर्स ने कहा कि शिया धर्मगुरु मौलाना कल्बे जवाद कई बार वक्फ बोर्ड में व्याप्त भ्रष्टाचार को उजागर कर चुके हैं, लेकिन विडंबना यह है कि उन्हीं के राजनीतिक प्रभाव से मौजूदा बोर्ड का गठन हुआ और उनके दामाद अली जैदी को बोर्ड का चेयरमैन बनाया गया। संगठन का आरोप है कि आज वही बोर्ड शिया समुदाय की अमानत संपत्तियों की खुली लूट में शामिल है।

हैदरी टास्क फ़ोर्स के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुन्ने आगा ने कहा कि वक्फ बोर्ड की मिलीभगत से शिया समुदाय की कई ऐतिहासिक और धार्मिक संपत्तियों को बेच दिया गया। इनमें मस्जिद शाहदरा (मोहान रोड), कर्बला अब्बास बाग (हरदोई रोड), मोती मस्जिद (मेहताब बाग-शीश महल), रानी रसूलपुर (गोलागंज), वक्फ अहमदी बेगम और वक्फ अच्छे मिर्ज़ा (औरंगाबाद-अमौसी) जैसी अहम संपत्तियां शामिल हैं।

फ़ोर्स के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ज़ीशान ज़ैदी ने आरोप लगाया कि केवल मोती मस्जिद क्षेत्र की वक्फ सम्पत्ति की अनुमानित कीमत 300 करोड़ रुपये से अधिक है, ये खुद मौलाना कल्बे जवाद ने एक वीडियो जारी कर के क़ौम को सूचित किया था, उसे अवैध रूप से बेच दिया गया।



छोटे इमामबाड़े के बाहर शिया वक्फ बोर्ड में हैदरी टास्क फोर्स के धरने में शामिल मौलाना यासूफ अब्बास और अन्य लोग।

## निराला नगर में लगाया गया स्वास्थ्य शिविर

**अमृत विचार:** दीनदयाल फाउंडेशन की ओर से निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर निराला नगर में लगा। हेल्थ सिटी विस्तार की नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. पूजा कनोडिया, डॉ. शिखा वर्मा, जनरल फिजिशियन ने मौके पर मौजूद लोगों की आंख, दांत, बीपी, शुगर, ऑक्सीजन, वजन आदि की जांच की। इस मौके पर एमके गर्ग, मुकेश शुक्ला, आचार्य पं. प्रशांत तिवारी आदि रहे। डॉक्टरों ने लोगों को जीवनशैली और दिनचर्या पर ध्यान देने की सलाह दी।


अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान में नाटक आदाब अर्ज का मंचन करते कलाकार। अमृत विचार

# आदाब अर्ज ने खूब हंसाया

## अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान में किया गया नाटक का मंचन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** नाट्य संस्था आकांक्षा थियेटर आर्टस ने रविवार को उत्तर प्रदेश उर्दू अकादमी के सहयोग से नाटक आदाब अर्ज है का मंचन अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान में किया। सलीम आरिफ द्वारा अनुवादित मौलियर की मूल नाट्य रचना का मंचन तुषार बाजपेयी शुभम के निर्देशन में किया गया।

मुख्य अतिथि जस्टिस राघवेन्द्र कुमार ने विशिष्ट अतिथि पद्मश्री डॉ. अनिल रस्तोगी मौजूदगी में शुभारंभ किया। नाटक की शुरुआत पति जुम्मन और पत्नी जुबैदा की तकरार से शुरू होती है। नौबत मारपीट तक पहुंच जाती है। तंग आकर जुबैदा बदला लेने की सोच रही होती है कि तभी उसकी मुलाकात उस इलाके के रईस गुलमेख मोहम्मद के नौकरों हिकमत उल्ला एवं फरखत उल्ला से होती है। हिकमत व फरखत अपने मालिक की गूंगी बेटी के इलाज के लिए डॉक्टर की तलाश में निकले थे।दोनों की बातें सुनकर जुबैदा को लगता है कि पति से बदला लेने का यह अच्छा मौका है। जुबैदा उन्हें बताती है कि यहां पर एक बहुत ही अच्छा डॉक्टर है जो किसी बीमारी को तो पलक झपकते ही ठीक कर सकता है। किंतु परेशानी यह है कि वह अपनी काबिलियत तब तक छुपाए रखेगा जब तक उसकी जमकर पिटाई न की जाए। गुलमेख मोहम्मद की बेटी शमीम आरा जानबूझ कर गूंगी बनी हुई है, क्योंकि मुलमेख मोहम्मद उसका निकाह उसकी मर्जी के खिलाफ करना चाहते हैं जब कि लड़की आशिक अली को पसन्द करती है। शमीम आरा के इलाज के दौरान जुम्मन को उसकी आया फातिमा से मोहब्बत हो जाती है। इसी बीच जुम्मन की मुलाकात आशिक अली से होती है। जुम्मन आशिक अली को अपना कम्पाउंडर बनाकर शमीम आरा से मिलवाते है शमीम आरा और आशिक अली घर से भाग जाते हैं। हालात बदलते हैं और नाटक का सुखद अंत हो जाता है। नाटक में मुख्य भूमिका में तुषार बाजपेयी, मुस्कान सोनी, योगेश शुक्ला, अंकुर सक्सेना और विकास दूबे ने निभाई।


गोमतीनगर में सनातन महापषिद और मैक्स हेल्थकेयर की ओर से निकाली गई गीता का संदेश साइकिल रैली में शामिल लोग।

### नुक्कड़ नाटक से किया जागरूक

अमृत विचार, लखनऊ: स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान के अंतर्गत जनसामान्य को कुष्ठ रोग के प्रति जागरूक करने के लिए रविवार को गोमतीनगर स्थित फन मॉल में नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से कुष्ठ रोग के लक्षण, उपचार की उपलब्धता एवं सामाजिक भेदभाव से बचने का संदेश दिया गया। राज्य कुष्ठ अधिकारी डॉ. जया देहलवी, जिला उप कुष्ठ अधिकारी डॉ. हवलदार भारती, जिला कुष्ठ परामर्शदाता डॉ. शोमित सिंह, एनएलआर संस्था के सलाहकार डॉ. अब्दुल्ला सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। अधिकारियों द्वारा आमजन को यह संदेश दिया गया कि कुष्ठ रोग पूर्णत: उपचार योग्य है तथा समय पर जांच एवं उपचार से विकलांगता को रोका जा सकता है।

## शिविर में 157 लोगों ने कराई जांचें


**अमृत विचार, लखनऊ:** फैजुल्लागंज घैला रोड के एसएसजेडी स्कूल के पास निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। इसमें केजीएमयू के लॉरी कॉर्डियोलॉजी के पूर्व हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. मनीष गोयल, दिल्ली एम्स के पूर्व डॉ. मनोज तिवारी ने मरीजों के दिल, शुगर, बीपी आदि की जांच की। लोगों को हार्ड अटैक से बचाव को लेकर जागरूक नहीं किया। समाजसेवी ममता त्रिपाठी ने बताया कि शिविर में 157 मरीज देखे गए। आयोजक सपा नेता पूजा शुक्ला, डॉ. हमजा बिलाल, डॉ. कासिफ, राकेश पांडेय, सुधीर मौर्य, अनुज जायसवाल आदि मौजूद रहे।


राज्य ललित कला अकादमी, के स्थापना दिवस कार्यक्रम में कलश के साथ युवतियां। अमृत विचार

# अफगानिस्तान के साथ एक डील ने बासमती चावल में भरी उछाल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- निर्यात खुलने से बासमती में महज हफ्तेभर के भीतर 600 से 700 रुपये प्रति क्विंटल की तेजी



**अमृत विचार:** अफगानिस्तान से निर्यात खुलते ही चावल की कीमतों ने रफ्तार भरना शुरू कर दिया है। सुधर रहे रिश्तों के बीच अफगानिस्तान में सबसे ज्यादा प्रयोग किए जाने वाले बासमती चावल ने तेज उछाल भरी है। केंद्र सरकार की एक डील से चावल खिल उठा है। बासमती में करीब 600 से 700 रुपये प्रति क्विंटल की तेजी दर्ज की गई है।

लखनऊ व्यापार मंडल के चेयरमैन और थोक आढ़ती राजेंद्र कुमार अग्रवाल ने बताया कि अफगानिस्तान से निर्यात खुलते ही वहां के सबसे डिमांड वाले आइटम बासमती चावल के उत्पादकों और विक्रेताओं के चेहरे पर खुशी ला दी है। यही वजह है कि बासमती चावल के दोनों आइटम सेल्हा और स्टीम की कीमतों में जोरदार जंप ली है। जहां मात्र एक सप्ताह के भीतर सेल्हा की कीमतों में 600 से 700 रुपये क्विंटल की तेजी है वहीं स्टीम में 500 से 600 रुपये क्विंटल की वृद्धि के साथ का बड़ा अंतर आया है। वहीं सचिन सिंघल का कहना है कि दोनों ब्रांड हाथों-हाथ अफगानिस्तान में लपके जा रहे हैं।

**सामग्री- पहले प्रति क्विटंल - अब प्रति क्विटंल (रुपये में)**

- बासमती– सेल्हा– 7,500 –8,200
- बासमती– स्टीम– 7,900 –8,500

## दुबई जाने वाले विमान में आई तकनीकी खराबी

**अमृत विचार, सरोजनीनगर:** एयर इंडिया एक्सप्रेस की दुबई जाने वाली उड़ान (आईएक्स 197) शाम 5:45 बजे लखनऊ से रवाना होती है। एयरपोर्ट सूत्रों ने बताया कि रविवार को विमान की बोर्डिंग हो चुकी थी और उसमें 172 यात्री भी सवार हो चुके थे। लेकिन तभी विमान के पायलट को उसमें तकनीक की गड़बड़ी होने का एहसास हुआ। उसने इसकी सूचना एटीसी को दी।इसके बाद तकनीकी खराबी दूर करने के लिए इंजीनियरों की टीम लगाई गई, लेकिन गड़बड़ी नहीं दूर हो सकी।इसकी जानकारी यात्रियों को हुई तो वह परेशान होने के साथ काफी नाराज हो गए।

सूत्रों ने बताया कि एयरलाइन्स अधिकारियों ने यात्रियों को समझा बुझा कर शान्त किया। वहीं इंजीनियरों की टीम ने काफी मशक्कत कर करीब 8 बजे विमान में आई गड़बड़ी को दूर कर दिया। तब विमान को 8:07 बजे दुबई के लिए रवाना कर दिया गया।

## सिटी डायरी



सम्मेलन में मौजूद लोग।

### राष्ट्रीय होम्योपैथिक सम्मेलन संपन्न

**अमृत विचार, लखनऊ:** हेल्दी वर्ड विजन फाउंडेशन की ओर से राष्ट्रीय होम्योपैथिक सम्मेलन 7 और 8 फरवरी भोपाल के पं. खुशीलाल शर्मा आयुष ऑडिटोरियम में किया गया।इसमें प्रख्यात होम्योपैथिक चिकित्सकों, शिक्षाविदों, शोधकर्ताओं एवं विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। मध्य प्रदेश के खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग और विधायक भगवान दास सबनानी ने संबोधित किया। इस दौरान होमियो विज़न 3.0 पत्रिका एवं डा. अमित और डॉ. पूजा नायक द्वारा लिखित "द चैलेंजरका " किताब का विमोचन किया गया। वक्ताओं ने होम्योपैथी की बढ़ती प्रासंगिकता, आधुनिक जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों में इसकी प्रभावशीलता, अनुसंधान, शिक्षा एवं समग्र स्वास्थ्य देखभाल में इसके सकारात्मक प्रभाव पर विस्तार से चर्चा की। हेल्दी वर्ल्ड विज़न फाउंडेशन की उपाध्यक्ष डा पूजा नायक ने संबोधित किया।


पुतला जलाते शिया युवा संगठन हुसैनी टाइगर्स के सदस्य।

### पाकिस्तान के खिलाफ किया प्रदर्शन

अमृत विचार, लखनऊ: पाकिस्तान के इस्लामाबाद की शिया मस्जिद में आत्मघाती हमले के खिलाफ रविवार को आसिफी इमामबाड़े में शिया युवा संगठन हुसैनी टाइगर्स ने प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और फील्ड मार्शल असीम मुनीर का पुतला जलाया। प्रदर्शनकारियों ने भारत सरकार से पाकिस्तानी उच्चायोग को बंद करने और पाकिस्तान पर सभी तरह के प्रतिबंध लगाने की मांग की। संगठन के अध्यक्ष नकी हुसैन ने आरोप लगाया कि पाकिस्तान कोई देश नहीं आतंकी संगठन है, पूरे विश्व को उसका बहिष्कार करना चाहिए। लीगल सेल के अध्यक्ष जरी ज़ैदी, महासचिव शहज़ाद आब्दी के अलावा बड़ी संख्या में लोग प्रदर्शन में शामिल रहे।



विजेता को पुरस्कृत करते आयोजक।

### ड्राइंग में आसिया खातून रहीं प्रथम

अमृत विचार, लखनऊ: मौलाना आज़ाद मेमोरियल अकादमी ने गणतंत्र दिवस कार्यक्रमों के तहत बच्चों के लिए ड्रॉइंग प्रतियोगिता का आयोजन किया। इसमें आसिया खातून ने प्रथम, फ़ाज़िल अली ने द्वितीय तथा विभा और जैनब ख़ान ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। अकादमी की ओर से विजयी बच्चों को नकद पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र दिए गए। मुख्य अतिथि ग्रुप कैप्टन दिनेश चंद्र रहे। इस अवसर पर अकादमी के जनरल सेक्रेटरी डॉ. अब्दुल क़ुद्दूस हाशमी ने कहा कि मौलाना आज़ाद मेमोरियल अकादमी बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा के साथ-साथ रचनात्मक गतिविधियों को भी लगातार बढ़ावा दे रही है।


प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते हुए बच्चे

### वार्षिकोत्सव मनाया

**अमृत विचार, लखनऊ:** जानकीपुरम में सरस्वतीपुरम रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के वार्षिक उत्सव रविवार को बच्चों की नृत्य, गायन, कविता पाठ, क्विज, म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता और सांस्कृतिक कार्यक्रम कराए गए। बच्चों को प्रमाणपत्र भी दिए गए। तहरी भोज भी हुआ। संगठन के महासचिव अजय कुमार यादव ने बताया कि आयोजन का मुख्य उद्देश्य सामाजिक एकजुटता को सुदृढ़ करना और क्षेत्र के विकास को गति देना है।

# 11 हजार वोल्टेज की चपेट में आकर छात्र की मौत

संवाददाता, सरोजनीनगर

- बिजनौर के अयोध्यापुरी फेस -3 की घटना

अमृत विचार। बिजनौर थाना क्षेत्र में रविवार दोपहर हाई वोल्टेज विद्युत लाइन की चपेट में आकर कक्षा छह के एक छात्र की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस मामले की पड़ताल कर रही है।

बिजनौर के अयोध्यापुरी फेस -3 में रहने वाले रविंद्र कुमार छोटा बेटा सौरभ पास के ही गौतम बुद्ध स्कूल में कक्षा छह का छात्र था। रविंद्र प्रयागराज में संगम स्नान करने गए थे। सौरभ दोपहर करीब एक बजे छत के ऊपर नहाने के लिए गया था। वह छत के छज्जे पर लगी स्टील की ग्रिल के पास खड़ा था। तभी बगल से गुजर रही 11 हजार वोल्टेज विद्युत लाइन के तार आपस में टकराकर ग्रिल में छू गए। जिससे उसकी चपेट में आकर सौरभ की मौके पर ही मौत हो गई। परिजनों ने शव पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया है।

**आयोजन** हुनर क्रिएशन एंड क्राफ्ट एसोसिएशन की ओर किया जाएगा आयोजन

# हरिहरन और अनूप जलोटा को मिलेगा नौशाद सम्मान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** हुनर क्रिएशन एंड क्राफ्ट एसोसिएशन की ओर से गायक हरिहरन, भजन सम्राट पद्मश्री अनूप जलोटा, सितार वादक प्रो. साहित्य कुमार नाहर और गायिका सुरभि रंजन को संगीत के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए नौशाद सम्मान प्रदान किया जाएगा। इस अवसर पर शान- ए- अवध सम्मान पाने वाले फनकार अपेक्षा सक्सेना, अलीना भारती, स्नेही, समीर-दीपाली, सृष्टि मुखर्जी और बिस्वरूप बनर्जी सुरों की महफिल सजाएंगे। समारोह का पहला चरण 16 फरवरी और दूसरा 22 मार्च को होगा।


अनूप जलोटा।


हरिहरन।

समिति के संयोजक जफर नबी ने बताया कि एमबी क्लब में पर्यटन विभाग व उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी के सहयोग से 16 फरवरी की शाम को रंग- ए- अवध समारोह में संस्कृति और पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह हरिहरन और प्रो. साहित्य कुमार नाहर को नौशाद सम्मान से देंगे। कला क्षेत्र में जगमोहन रावत को भी शान- ए- अवध सम्मान प्रदान किया जाएगा। दूसरे चरण में 22 मार्च को एमबी क्लब में ही आयोजित समारोह में पद्मश्री अनूप जलोटा और सुरभि रंजन को नौशाद सम्मान दिया जाएगा। इस शाम बॉलीवुड की समीर और दीपाली की हिट म्यूजिकल जोड़ी पहली बार लखनऊ में प्रस्तुति देगी। साथ ही इंडियन आइडल फेम सृष्टि मुखर्जी व बिस्वरूप बनर्जी का कार्यक्रम भी होगा। इन कलाकारों को शान- ए- अवध सम्मान प्रदान किया जाएगा।

## सिटी ब्रीफ

### नृत्य में सीएमएस की छात्रा को प्रथम पुरस्कार


आराध्या।

अमृत विचार, लखनऊ : सिटी मोन्टेसरी स्कूल, अलीगंज द्वितीय कैम्पस की कक्षा-5 की छात्रा आराध्या मिश्रा ने अंतरविद्यालयी नृत्य प्रतियोगिता 'ऑल स्टार ऑनलाइन कान्टेस्ट' में प्रथम पुरस्कार अर्जित किया है। सीएमएस के हेड, कम्युनिकेशन्स ऋषि खन्ना ने बताया कि इस प्रतियोगिता में विभिन्न प्रतिष्ठित विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच छात्रा ने संतुलित भावभंगिमा के साथ नृत्य कला व संगीत, ज्ञान का शानदार प्रदर्शन कर निर्णायक मंडल को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रतियोगिता के आयोजकों ने आराध्या की ब तिभा की प्रशंसा कर प्रशस्ति पत्र दिया।

### मीडिया ओलंपिक में आशीष ने जीते छह स्वर्ण

अमृत विचार, लखनऊ : मीडिया ओलंपिक के तीसरे संस्करण में आशीष प्रजापति ने छह स्वर्ण पदक अपने नाम किए। सीएस आजाद और राम बालक ने चार-चार स्वर्ण पदक जीते। केडी सिंह बाबू स्टेडियम में फुटबॉल शूटआउट प्रतियोगिता में महिलाओं की श्रेणी में प्रिया पाण्डेय और पुरुषों की श्रेणी में नावेद शिकोह की टीम ने खिताबी जीत दर्ज की। रस्साकसी में महिलाओं की टीम (प्रिया पाण्डेय) और पुरुषों की टीम (रविंद्र शर्मा) ने स्वर्ण पदक हासिल किया। शतरंज प्रतियोगिता में सीएस आजाद विजेता बने, बैडमिंटन महिला एकल का खिताब पल्लवी श्रीवास्तव ने जीता। समापन समारोह में मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान किए। आयोजन सचिव राघवेंद्र प्रताप सिंह ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। संचालन अखंड प्रताप शाही ने किया।

### संस्कारशाला में शामिल हुए सीएमएस के विद्यार्थी

अमृत विचार, लखनऊ : सुशांत गोल्फ सिटी स्थित राधारमण बिहारी मंदिर (इस्कॉन) में संचालित साप्ताहिक संस्कारशाला में रविवार को सिटी मांटेसरी स्कूल राजाजीपुरम के विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम इस्कान अध्यक्ष अपरिमेय श्याम दास की पत्नी अचिन्त्य रूपिणी के मार्गदर्शन में संचालित किया गया। विद्यार्थियों ने मंदिर परिसर में हरिनाम संकीर्तन और तुलसी आरती के बाद नैतिक मूल्यों, सदाचार एवं आध्यात्मिक शिक्षा पर मार्गदर्शन प्राप्त किया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को आध्यात्मिक ज्ञान की ओर अग्रसर करना, उनके भीतर अच्छे संस्कारों का विकास करना तथा उन्हें एक सुसंस्कृत, नैतिक एवं श्रेष्ठ मानव बनने की दिशा में प्रेरित करना है।

### एकेटीयू ने कराई ग्रामीणों की सेहत की जांच

अमृत विचार, लखनऊ : डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय की ओर से जनभवन में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में गोद लिए गए गांवों दिगोई, पहाड़पुर, रैथा, पश्चिम गांव और दुग्गौर गांवों के लोगों ने जांच कराई। इस दौरान चिकित्सकों ने रक्तचाप, वजन, हृदय, मस्तिष्क, कान, नाक, गला, सहित अन्य जांच की। जांच के आधार पर दवाएं और सुझाव भी दिये। उपकुलसचिव डॉ. डीपी सिंह, सहा. कुलसचिव डॉ. आयुष श्रीवास्तव डॉ अंजनेय शर्मा सहा. कुलसचिव शांतनु पाठक, कंप्यूटर प्रोग्रामर शुभी पांडे, डॉ. विनय चतुर्वेदी डॉक्टर गजेंद्र गुप्ता डॉ वर्षा शुक्ला अंजली सिंह शेफाली सिंह आरजू गुप्ता सहित शिक्षकों, अधिकारियों कर्मचारियों ने सहयोग प्रदान किया।

# जेएन माथुर के घोड़े एंजेल इन माई हार्ट ने जीती सीजन की दूसरी ट्रॉफी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**एमबी कप**

- पिनेकिल पॉइंट को दूसरा और बकले को मिला तीसरा स्थान
- इंडियन ब्रीड दौड़ में बडवाइजर ने जीता पहला इनाम
- मध्य कमान के सेनाध्यक्ष लेफ्टिनेंट जनरल अनिंद सेन गुप्ता ने किया पुरस्कृत

**अमृत विचार:** गुलाबी ठंड के बीच रविवार को लखनऊ रेसकोर्स में हुई सीजन की पांचवीं रेस में दर्शकों का रोमांच चरम पर रहा। एमबी कप की थॉरोब्रीड कैटेगरी की इस दौड़ में जेएन माथुर के घोड़े एंजेल इन माई हार्ट ने सीजन की दूसरी ट्रॉफी अपने नाम की।

रेफरी के इशारे के साथ रेस शुरू होते ही पूरा रेसकोर्स तालियों और शोर से गूंज उठा। एंजेल इन माई हार्ट ने शुरुआत से ही बढ़त बना ली थी। कड़ी चुनौती पेश करते हुए पिनेकिल पॉइंट दूसरे स्थान पर रहे, जबकि बकले ने तीसरा स्थान हासिल किया। इससे पहले इंडियन ब्रीड दौड़ में बडवाइजर ने पहला स्थान प्राप्त किया। मुख्य अतिथि मध्य कमान के सेनाध्यक्ष लेफ्टिनेंट जनरल अनिंद सेन गुप्ता और उनकी पत्नी रुचिका सेन गुप्ता ने विजेताओं को ट्रॉफी और नकद पुरस्कार दिए।

### कर्नल दत्त और जग्गी को बेस्ट हैट

- घुड़ दौड़ के साथ फैशन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। इसमें पुरुष वर्ग में बेस्ट हैट कर्नल दत्त व महिला वर्ग में जग्गी ने जीती जबकि बेस्ट ड्रेस्ड का खिताब रैना पांडेय और कर्नल नागर प्राप्त किया। मेड फॉर ईच अदर संग कपल में रिचा व अर्जुन और सीनियर कपल में ब्रिगेडियर व उनकी पत्नी के सिर ताज सजा।


लखनऊ रेसकोर्स में रविवार को कराई गई सीजन की पांचवीं रेस में दौड़ लगाते घोड़े। अमृत विचार

**परिणाम**

**थॉरोब्रीड**

| स्थान | नाम | जॉकी | मालिक | पुरस्कार राशि |
|---|---|---|---|---|
| प्रथम | एंजेल इन माई हार्ट | मयंक | जेएन माथुर | 10000 |
| द्वितीय | पिनेकिल पाइंट | आतिफ खान | अमर हबीबउल्लाह | 7000 |
| तृतीय | बकले | सोहिल | मो. अब्दुल्लाह | 4000 |

**इंडियन ब्रीड**

| स्थान | नाम | जॉकी | मालिक | पुरस्कार राशि |
|---|---|---|---|---|
| प्रथम | बडवाइजर | मोनू | विकास पांडेय | 5000 |
| द्वितीय | रुद्रा | कृष | निशा जायसवाल | 3000 |
| तृतीय | लेमन ड्रॉप | मिराज | एश्वर्या और अपराजिता | 2000 |

# अर्जुन अवार्डी अभिन्न श्याम और अखिलेश यादव ने जीते दो खिताब

## ओलंपियन अभिन्न ने फाइनल मैच में सी. जॉन वेस्ले को 21-11, 21-5 से हराया

**यूपी स्टेट मास्टर्स बैडमिंटन**

- युगल में अभिन्न श्याम और सी. जॉन वेस्ले की जोड़ी जीती
- मिश्रित युगल में अखिलेश और भावना बलियान बने विजेता
- पुरुष युगल में अखिलेश और शम्स तबरेज की जोड़ी भी जीती

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** अर्जुन अवार्डी और ओलंपियन अभिन्न श्याम गुप्ता और यूपी पुलिस के अखिलेश यादव ने यूपी स्टेट मास्टर्स (वेटरन) बैडमिंटन चैंपियनशिप में दो-दो खिताब जीतकर बादशाहत कायम की। समापन समारोह में मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश बैडमिंटन एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. नवनीत सहगल ने विजेताओं को ट्रॉफी प्रदान की।

उत्तर प्रदेश बैडमिंटन एसोसिएशन के देखरेख में स्वर्गीय अनिल कुमार ध्यानी स्मृति चैंपियनशिप गोमती नगर के बीबीडी यूपी बैडमिंटन एकेडमी में आयोजित की गई। अंतिम दिन पुरुष एकल के 45 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में प्रयागराज के अभिन्न श्याम गुप्ता ने प्रयागराज के ही सी. जॉन वेस्ले को 21-11, 21-5 से पराजित किया। इसी आयु वर्ग के युगल के फाइनल में दूसरी वरीय अभिन्न श्याम गुप्ता और सी. जॉन वेस्ले की जोड़ी ने शीर्ष वरीय जितेंद्र सिंह और रविंद्र सिंह (मुरादाबाद व नोएडा) को 21-16, 21-19 से हराकर उलटफेर कर जीत दर्ज की। मिश्रित युगल 35 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में यूपी पुलिस के शीर्ष वरीय अखिलेश यादव और भावना बलियान की जोड़ी ने सी. जॉन वेस्ले व प्रियंका पांडेय को 21-11, 21-14 से हराकर ट्रॉफी जीती। पुरुष युगल 35 वर्ष से अधिक वर्ग में अखिलेश यादव और शम्स तबरेज (यूपी पुलिस और गोरखपुर) की जोड़ी ने रवि प्रताप आनंद और यशार्थ ओझा (उन्नाव और अयोध्या) को 21-11, 21-12 से मात दी।

उत्तर प्रदेश बैडमिंटन एसोसिएशन के सचिव डॉ. सुधर्मा सिंह ने स्वर्गीय अनिल कुमार ध्यानी की पत्नी आशा ध्यानी को विशेष रूप से सम्मानित किया। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश बैडमिंटन एसोसिएशन के उपाध्यक्ष अरुण कक्कड़, रेफरी रविंद्र चौहान, अनंत ध्यानी, डॉ. योगेश शेट्टी सहित कई लोग मौजूद रहे।



यूपी स्टेट मास्टर्स बैडमिंटन चैंपियनशिप के विजेता खिलाड़ियों के साथ अतिथि और आयोजक। अमृत विचार

# सीटेट में कठिन प्रश्नों को अनुत्तरित ही छोड़ना पड़ा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- दो दिनों में सीटेट परीक्षा विभिन्न केंद्रों पर सम्पन्न
- सीसी कैमरे समेत सुरक्षाकर्मियों ने की सघन निगरानी

**अमृत विचार:** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा आयोजित केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (सीटीईटी) दो दिनों में सम्पन्न हो गई। लखनऊ के सीबीएसई बोर्ड स्कूलों में इस परीक्षा का केंद्र बनाया गया था जहां पर अभ्यर्थी परीक्षा शुरु होने से पहले ही पक्तिबद्ध होकर खड़े हो गए। इस परीक्षा में बोर्ड ने अभ्यर्थियों को अपने साथ पानी की बोतल, फल और जरुरी दवाएं ले जाने की छूट दी थी। हालांकि सीसी कैमरे समेत सुरक्षाकर्मियों की सघन निगरानी में परीक्षा का आयोजन किया गया। परीक्षा दो पालियों में सम्पन्न हुई जिसमें प्रथम पाली की परीक्षा 9.30 से 12 बजे तक दूसरी शिफ्ट 2.30 से 5 बजे तक आयोजित की गई।

परीक्षा में तर्कशक्ति, पर्यावरण, गणित, इतिहास और भूगोल के प्रश्नों ने अभ्यर्थियों को खूब छकाया। इसके अलावा बाल विकास और शिक्षण विधियों के अलावा भाषा से जुड़े प्रश्न काफी घुमावदार थे। तर्कशक्ति और इवीएस के तार्किक प्रश्नों को हल करने में अभ्यर्थियों को ज्यादा समय लगा। परीक्षा में बड़ी तादाद में प्राइमरी स्कूलों के शिक्षक और शिक्षिकाएं शामिल हुईं। किसी भी परीक्षा केन्द्र पर गड़बड़ी की कोई शिकायत नहीं मिली।

### अभ्यर्थियों ने कहा दोबार परीक्षा कराना गलत

- अयोध्या से आए दिनेश मिश्रा ने कहा कि इस उम्र में दोबारा परीक्षा देना पड़ रहा है। सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के पालन में इस परीक्षा में शामिल होना पड़ रहा है। बाराबंकी की सुमन ने बताया कि नई शिक्षा नीति से जुड़े सवाल ज्यादा पूछे गए हैं। बाल विकास और शिक्षण विधियों से जुड़े सवालों के जवाब मिलते जुलते थे। पर्यावरण में दूसरे प्रदेश से जुड़े करीब आधा दर्जन सवाल थे। इसके अलावा गणित, विज्ञान समेत दूसरे विषय के प्रश्न घुमावदार थे, जिन्हें हल करने में समय अधिक लगा। आखिर में कठिन प्रश्नों को छोड़ना पड़ा।

### सुप्रीम कोर्ट ने भी टेट किया है अनिवार्य

- सीटेट की परीक्षा को लेकर अभ्यर्थियों में खासा उत्साह रहा कारण कि कुछ दिनों पूर्व सर्वोच्च न्यायालय ने सेवारत शिक्षकों के लिए टेट पास होना अनिवार्य कर दिया है। यह परीक्षा पहले 8 फरवरी को होनी थी, लेकिन देशभर से हुए रिकार्ड आवेदन करीब 25 लाख को देखते हुए इसे दो दिनों कराया गया।

# पाठ्यक्रम, परीक्षा और मूल्यांकन में एआई का प्रयोग करेगा एकेटीयू

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- एआई पर प्री समिट एंगेजमेंट प्रोग्राम का हुआ समापन



**अमृत विचार:** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय अब परीक्षा से लेकर प्रश्नपत्रों के मूल्यांकन और पाठ्यक्रम निर्माण में एआई (आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस) का प्रयोग करेगा। एकेटीयू इनोवेशन हब में एआई पर प्री समिट एंगेजमेंट प्रोग्राम का आयोजन किया गया। उच्च शिक्षा संस्थानों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के माध्यम से विज्ञान, अनुसंधान एवं नवाचार को सशक्त बनाने के लिए आयोजन हुआ।

कुलपति प्रो. जे. पी. पांडेय ने बताया कि किस प्रकार आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कॉपी-चेकिंग, छात्रों की सीखने की प्रवृत्ति को समझने तथा शिक्षण-प्रशिक्षण को अधिक प्रभावी बनाने में सहायक सिद्ध हो सकता है। विश्वविद्यालय जल्द ही एआई तकनीक आधारित छात्रों के पाठ्यक्रम के सेमेस्टर की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया जाएगा।

इनोवेशन हब के निदेशक केशव सिंह ने अपने अनुभव साझा करते हुए एआई के प्रशासनिक एवं पेशेवर उपयोगों पर चर्चा की, प्रो. बी. एन. मिश्रा ने इनोवेशन हब की गतिविधियों, स्टार्ट-अप समर्थन तंत्र तथा विश्वविद्यालय-उद्योग सहयोग की भूमिका पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किस प्रकार अकादमिक शोध को व्यावहारिक उत्पादों एवं सेवाओं में परिवर्तित किया जा सकता है।

### भाषा विवि में 10 को रोजगार मेला

**अमृत विचार, लखनऊः** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में 10 फरवरी को सेवायोजन विभाग के सहयोग से एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। इसमें टाटा मोटर्स, फ्लिपकार्ट सहित 21 प्रतिष्ठित निजी कंपनियां प्रतिभाग करेंगी, जिनके माध्यम से लगभग 1500 पदों पर भर्ती की जाएगी। कुलपति प्रो. अजय तनेजा ने बताया कि मेला युवाओं को रोजगार से जोड़ने का प्रयासरत है। प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट अधिकारी डॉ. सुमन कुमार मिश्र ने बताया कि 12वीं उत्तीर्ण, स्नातक, परास्नातक एवं डिप्लोमा धारक अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकते हैं।

## सिटी डायरी


आशीर्वाद आयोजन में शामिल परीक्षार्थी।

### समारोह में बोर्ड परीक्षार्थियों को दिया आशीर्वाद

अमृत विचार, लखनऊ : बाल निकुंज इंटर कॉलेज (गर्ल्स विंग), मोहिबुल्लापुर में रविवार को यूपी बोर्ड परीक्षा की तैयारी कर रहे हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के छात्रों के लिए आशीर्वाद समारोह का आयोजन किया गया। बाल निकुंज स्कूल्स एंड कॉलेजेज की चारों शाखाओं के वरिष्ठ अध्यापकों ने बोर्ड परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन और मेरिट में स्थान पाने के लिए विषयवार जानकारी दी। परीक्षा में होने वाली सामान्य गलतियों, लेखन शैली, समय प्रबंधन एवं सावधानियों के बारे में बताया। कॉलेज के प्रबंध निदेशक एचएन जयसवाल ने विद्यार्थियों को आशीर्वाद दिया। कोऑर्डिनेटर सुधीर मिश्रा ने उत्तर पुस्तिकाओं की सही बाइंडिंग के महत्व पर उदाहरण सहित जानकारी दी। प्रधानाचार्या डॉ. अनूप कुमारी शुक्ला, प्रधानाचार्या भगवती भंडारी ने भी महत्वपूर्ण सुझाव दिए।



आईआईएम में आयोजित कार्यक्रम में प्रस्तुति देती छात्रा।

### पापोन की आवाज़ ने किया मोहित

अमृत विचार, लखनऊ : भारतीय प्रबंधन संस्थान में बी-स्कूल फेस्ट मैनफेस्ट-वर्चस्व 2026 का उमंग और उत्साह का आयोजन हुआ। बॉलीवुड नाइट में मशहूर गायक पापोन की आवाज़ और कालजयी गीतों ने दर्शकों को एक सुर में गाने पर मजबूर कर दिया। तीसरे दिन की शुरुआत लीडर्स एक्सप्रेस सत्र से हुई, जिसमें एसबीआई के प्रबंध निदेशक अश्विनी कुमार तिवारी ने संबोधित किया। ग्रुप फैशन परेड में रचनात्मकता का प्रदर्शन देखने को मिला, जिसे टीन यूनिवर्स 2024 त्रिशना रे ने जज किया। अंतर्नाद शॉर्ट फिल्म और व्लॉग प्रतियोगिता में प्रभावशाली कहानियां प्रस्तुत हुईं, जिनका मूल्यांकन फिल्म निर्देशक अमित मसूरकर ने किया।


औद्योगिक भ्रमण पर निकले छात्र-छात्राएं।

### छात्रों ने जानी औद्योगिक कार्यप्रणाली

अमृत विचार, लखनऊ : ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के सिविल इंजीनियरिंग विभाग के विद्यार्थियों द्वारा पीकेएस फोम कंक्रीट मैन्युफैक्चरिंग यूनिट में एएसी ब्लॉक्स निर्माण से संबंधित एक शैक्षणिक औद्योगिक भ्रमण किया। भ्रमण का मुख्य उद्देश्य छात्रों को आधुनिक निर्माण तकनीकों तथा फोम कंक्रीट एवं एएसी ब्लॉक्स की व्यावहारिक जानकारी प्रदान करना था। छात्रों को एएसी ब्लॉक्स की निर्माण प्रक्रिया, प्रयुक्त कच्चे माल, आधुनिक मशीनरी, गुणवत्ता नियंत्रण, तथा पर्यावरण के अनुकूल निर्माण सामग्री के लाभों के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई। विषय प्रभारी केके शाह, अभिषेक अवस्थी, आस्था चौरसिया व सलमान अंसारी साथ रहे।


रियल रुट्स अकादमी में सांस्कृतिक प्रस्तुति देते बच्चे।

### वार्षिकोत्सव संपन्न

अमृत विचार, लखनऊ : रियल रूट्स एकेडमी का 20वां वार्षिकोत्सव आईआईएसई ऑडिटोरियम कल्याणपुर में मनाया गया। उद्घाटन मुख्य अतिथि पूर्व केन्द्रीय मंत्री कौशल किशोर ने किया। सीएमडी, आईएसई, फिरदौस सिद्दीकी, अतुल करण यादव उपस्थित रहे। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में ''ऑपरेशन सिन्दूर'', ''पेड़ बचाओ'' नाटिका, राधा-कृष्ण नृत्य और महाभारत पर आधारित लघु नाटिका से बच्चों ने दर्शकों का मन मोह लिया।

**हॉकी टूर्नामेंट**

## क्वार्टर फाइनल मैच में मनमोहन सिंह स्पोर्ट्स हॉकी अकादमी हरियाणा को 3-2 से हराया

# जीत की हैट्रिक के साथ यूपी करम सेमीफाइनल में

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- ओड़ीसा की नवल टाटा अकादमी और पंजाब की राउंडग्लास भी अंतिम चार में

**अमृत विचार:** मेजबान यूपी करम की टीम अखिल भारतीय केडी सिंह बाबू सब जूनियर बालक अंडर-14 हॉकी टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंच गई है। पद्मश्री मोहम्मद शाहिद हॉकी एस्ट्रो टर्फ पर खेले गए क्वार्टर फाइनल में उसने मनमोहन सिंह स्पोर्ट्स हॉकी अकादमी हरियाणा को 3-2 से पराजित किया। टीम की ये लगातार तीसरी जीत है। सेमीफाइनल में यूपी करम का मुकाबला पंजाब इंस्टीट्यूट ऑफ मोहाली और ओड़ीसा की नवल टाटा अकादमी का सामना पंजाब की राउंडग्लास अकादमी से होगा।

दर्शकों से खचाखच भरे स्टेडियम में यूपी करम और मनमोहन सिंह स्पोर्ट्स हॉकी अकादमी के मैच में आखिरी मिनटों तक दर्शकों की सांसें अटकी रहीं। मैच की शुरुआत से ही दोनों टीमों के बीच कड़ा संघर्ष देखने को मिला। 21वें मिनट में हरियाणा के कप्तान ऋषि ने बेहतरीन गोल कर अपनी टीम को बढ़त दिलाने में कामयाब रहें। दूसरे क्वार्टर के अंतिम क्षणों में यूपी करम के अंशुल पाल ने पेनाल्टी कॉर्नर को गोल में बदलते हुए स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। तीसरे क्वार्टर में यूपी करम ने आक्रामक खेल दिखाया। 37वें मिनट में विवेक यादव ने पेनाल्टी कॉर्नर पर गोल दागकर टीम को 2-1 की बढ़त दिलाई। हालांकि 47वें मिनट में हरियाणा के ऋषि ने अपना दूसरा मैदानी गोल कर मुकाबला फिर बराबरी पर ला दिया। जब मुकाबला ड्रॉ की ओर बढ़ता दिख रहा था, तभी 56वें मिनट में अंशुल पाल ने हरियाणा की मजबूत डिफेंस को चकमा देते हुए शानदार मैदानी गोल दागा।


गेंद पर कब्जे का प्रयास करते नवल टाटा और फ्लिकर ब्रदर्स के खिलाड़ी।

यह गोल मैच का निर्णायक साबित हुआ और यूपी करम ने 3-2 से जीत दर्ज कर सेमीफाइनल का टिकट कटाया। पहले क्वार्टर फाइनल में पंजाब इंस्टीट्यूट ऑफ मोहाली ने पेनाल्टी शूटआउट में ध्यानचंद अकादमी, तमिलनाडु को 4-2 से हराया। गत विजेता नवल टाटा अकादमी, ओडिशा ने हरियाणा की फ्लिकर ब्रदर्स को 4-2 से पराजित किया। वहीं एक अन्य मुकाबले में राउंडग्लास अकादमी, पंजाब ने होली वर्ल्ड स्पोर्ट्स अकादमी, पंजाब को 2-1 से हराकर अंतिम चार में जगह बनाई।